# दुनिया में ब्रांड बना उत्तर प्रदेश

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। यूपी का कायापलट हो गया है। कभी निवेशक यहां आने से कतराते थे, आज निवेश के लिए खुद आ रहे हैं। यूपी खुद एक ब्रांड बन गया है।

**उद्योगपतियों ने कहा, अब खुद चलकर आते हैं निवेशक**

दुनिया में यूपी की चर्चा हो रही है। नई औद्योगिक नीति ने प्रदेश की छवि को और चमका दिया है। बस..अब जरूरत है कुछ और तेजी की ताकि नीतियों के अमल में तेजी आ सके और 10 खरब डॉलर डालर अर्थव्यवस्था की तरफ हम बढ़ सकें। यूपी को लेकर यह राय सीआईआई कॉन्क्लेव में आए देश के दिग्गज उद्योगपतियों की थी, जो उन्होंने अमर उजाला से साझा की।

## प्रदेश की उद्योग नीति सर्वश्रेष्ठ



आज यूपी खुद एक ब्रांड बन गया है। यहां की औद्योगिक नीति देश के किसी भी राज्य की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। यूपी में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। अब इसे प्लेजर ऑफ डूइंग बिजनेस में तब्दील करने का समय है। इसके लिए जरूरी है कि जमीन जल्द उपलब्ध कराई जाए। मुक्त व्यापार समझौते का फायदा छोटी इकाइयों तक पहुंचे। इंडस्ट्री से जुड़े वित्तीय मामले हल करने के लिए विशेषज्ञ संस्थान की स्थापना की जाए। प्रदेश के सकारात्मक माहौल का नतीजा है कि अलीगढ़ और हमीरपुर के बाद सीमेंट का तीसरा प्लांट प्रयागराज में लगाने जा रहे हैं। तीनों में करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

**-माधव सिंघानिया,** डिप्टी चेयरमैन, सीआईआई नार्दर्न रीजन

## बदला यूपी का चेहरा, निवेश के सबसे मुफीद

यूपी की तस्वीर बदल गई है। यूपी के साथ आईटीसी का पर्यटन, उत्पादन और



कृषि में बरसों पुराना नाता है। आईटीसी नए सेक्टरों पर फोकस कर रहा है। अब लखनऊ-कानपुर हाईवे पर फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने जा रहे हैं। आज का यूपी अपार क्षमताओं से भरा है और निवेशकों के लिए सबसे मुफीद जगह है। अभी ग्रीन यानी इको फ्रेंडली उत्पादन पर फोकस करने की जरूरत है। हम थर्मल ऊर्जा पर अधिक समय तक निर्भर नहीं रह सकते।

**- संजीव पुरी,** कार्यकारी अध्यक्ष, सीआईआई

## राहतों के स्टेंट से यूपी को स्वस्थ कर दिया

यूपी के कायाकल्प में योगी सरकार की




ईमानदारी, गंभीरता और जुझारूपन झलक रहा है। ध्यान न देने की वजह से इस दिल की कई धमनियां ब्लॉक हो गई थीं। अब इसमें नीतियों और राहतों के स्टेंट डालकर पूरी तरह फिट कर दिया गया है। नई नीतियों का ही असर है कि इन्वेस्टर्स समिट में एशिया का सबसे बड़ा मसाले का प्लांट लगाने का एमओयू किया, जिसमें उत्पादन भी शुरू हो गया। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में जिस रफ्तार से काम हो रहा है, यूपी दुनिया में एक ब्रांड के रूप में उभर रहा है।

**- आकाश गोयनका,** चेयरमैन सीआईआई यूपी